तापमान
अधिकतम 23 .0 डिग्री
न्यूनतम 13 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, गुरुवार 19 फरवरी 2026

11 सीएम से मिलने की चेतावनी पर सौंपे...


11 ज्योति सैनी ने कार्यकर्ताओं को पढ़ाया संगठन....



## खबर संक्षेप

### कार की चपेट में आने से आटो चालक घायल

**कैथल।** कैथल के हुडा सेक्टर 18 में कार की चपेट में आने से ऑटो रिक्शा चालक घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया है। सोंगल के चांदीराम ने सिविल लाइन कैथल पुलिस को दी शिकायत में बताया कि को आटो रिक्शा में कैथल के हुडा सेक्टर 18 के कट से जा रहा था तो अज्ञात चालक ने कार को तेज गति और से चलते ऑटो को टक्कर मार दी।

### कैथलः राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मार्च को

**कैथल।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार, कैथल न्यायिक परिसर में आगामी 14 मार्च 2026 (शनिवार) को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन जिला एवं सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षा कंचन माही की देखरेख में संपन्न होगा।

### रंजिशन हमला करने पर तीन के खिलाफ केस दर्ज

**जींद।** गांव थुआ में रंजिशन हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर उचाना थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव थुआ निवासी संदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव खेड़ी चौपटा निवासी इंद्र से कहासुनी हो गई। जिस पर इंद्र तथा उसके परिजनों ने हमला कर दिया। जिसमें उसे काफी चोटें आई।

### मकान का ताला तोड़कर लाखों की नकदी चोरी

**कैथल।** कैथल के अर्जुन नगर स्थित गली नंबर चार के एक मकान से चोर लाखों रुपए की नकदी और गहने चुराकर ले गए। बताया जा हरा है घटना के समय परिजन संत रामपाल के सत्संग में गए हुए थे। वापस लौटने पर घर के ताले टूटे मिले। मकान मालिक महावीर सिंह ने शहर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वे संत रामपाल के अनुयायी हैं। 15 फरवरी की सुबह वह अपने परिवार के साथ सत्संग में कुरुक्षेत्र गए थे।

### तांगा चौक पर मकान से आभूषण व नकदी चोरी

**जींद।** तांगा चौक पर चोरों ने मकान से सोने, चांदी के जेवरात, नगदी को चोरी कर लिया। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। निवासी विजय ने दी शिकायत में बताया कि चोरों ने उसकी अलमारी का ताला तोड़ कर 15 तोले सोने के जेवरात, पांच हजार की नगदी को चोरी कर लिया।

### अनैतिक कार्य मामले में महिला आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** पुलिस ने कैथल निवासी एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। जो उक्त महिला आरोपी के खिलाफ वर्ष 2021 दौरान अनैतिक कार्य करवाने के संबंध में थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज है। जो उक्त आरोपी न्यायालय से जमानत हासिल करने उपरांत न्यायालय में हाजिर नहीं हुई, जिसे माननीय न्यायालय द्वारा 16 सितंबर 2025 को पीओ घोषित किया गया था।

### अपहृत छात्रा बरामद आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** सदर थाना सफीदों इलाके से गायब नाबालिग छात्रा को पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ चार तथा छह पाक्सो एक्ट की धाराएं और जोड़ पूछताछ शुरू कर दी है। सदर थाना सफीदों इलाके के व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसकी 17 वर्षीय बेटी घर से हाट स्कूल के लिए निकली थी।

### गांव गढ़ी नजीर से ट्रांसफार्मर चुराया

**कैथल।** गढ़ी नजीर से चोर खेतों में लगा हजारों का ट्रांसफार्मर चुरा कर ले गए। उपमंडल अभियंता राहुल यादव ने बताया कि 2 फरवरी की रात को चोर गढ़ी नजीर के इंदर सिंह के खेतों में रखा बिजली का ट्रांसफार्मर चुरा कर ले गए।

## 103.31 करोड़ रुपये की पांच परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास

# सीएम ने खोला उचाना के लिए तिजोरी का मुंह

## रैली में उमड़ी भीड़ से सियासी शक्ति प्रदर्शन में सफल विधायक

**सीएम ने अपने भाषण में कांग्रेस को लिया आड़े हाथों**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद/उचाना

बांगर की राजनीति की सियासी परीक्षा में भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज पास हुए। बांगर की राजनीति पिच पर भीड़ जुटा कर दम दिखाने का काम किया। सीएम नायब सिंह सैनी उचाना की अतिरिक्त मंडी में आयोजित धन्यवाद एवं उचाना विकास रैली में पहुंचे थे। यहां पर सबसे बड़ा मैदान रैली को लेकर निर्धारित किया था। रैली में पहली बार ऐसा नजर आया जब पुरूषों से अधिक महिलाओं की संख्या रही। पंडाल के अंदर जगह नहीं होने से लोगों को पंडाल के बाहर बेरीगेटस पर खड़े होकर भाषण को सुना पड़ा। भीड़ को देख कर सीएम नायब सिंह सैनी गदगद नजर आए। करीब 48 मिनट तक तक सीएम नायब सिंह सैनी बोले। कांग्रेस पर जमकर हमला बोलने के साथ परिवारवाद भी सीएम ने जमकर निशाना साधा। जनसभा को लेकर भाजपा नेत्री सुषमा अत्री ने हलके के गांवों में जाकर महिलाओं को निमंत्रण दिया। भारी संख्या में महिलाओं की भीड़ रैली में उमड़ी। जनसभा उमड़ी भीड़ को देखकर सीएम नायब सिंह सैनी ने एक-एक मांग को पढ़ते हुए लाखों करोड़ों की मांगों को मंजूर करने की घोषणा की। उचाना क्षेत्र के विकास के लिए 103 करोड़ 31 लाख रुपये की पांच परियोजनाओं के किए उद्घाटन और शिलान्यास किया है। पिछले 11 वर्षों में क्षेत्र के विकास के लिए 78 घोषणाएं की गई। जिनमें से 58 घोषणाओं पर काम पूरा हो चुका है और 15 पर काम चल रहा है। पिछले 11 वर्षों में उचाना के विकास के लिए 1409 करोड़ खर्च किए गए हैं। हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि सीएम के नेतृत्व में भाजपा हरियाणा प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाने में कामयाब रही। उन्होंने कहानी के माध्यम से बताया कि चुनाव के दौरान कांग्रेस का नाम की लहर चल रही थी कि कांग्रेस आएगी, कांग्रेस आएगी। तभी एक लड़के की मां भागते हुए आई और कांग्रेस के चुनाव प्रचार की गाड़ी रोकते हुए कहा कि एक बार यह पौ पौ बजा दे, मेरा लड़का चुप हो जाएगा। जब चुनाव नतीजे आए तो हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी। कांग्रेस की यह पौ-पौ बजाने का काम सीएम नायब सैनी ने किया। उन्होंने कहा कि सीएम की हर सुबह प्रदेश के नाम होती है, हर शाम जनता के काम से होती है। ऐसे विरले ही लोग मिलते हैं, जिनकी धड़कन में हरियाणा की जान होती है। ऐसे ही हमारे मुख्यमंत्री नाबय सैनी हैं। सत्ता नही सेवा बड़ी होती है, राजनीति नही जिम्मेवारी बड़ी होती है। पद नही प्रदेश का सम्मान बड़ा होता है। इसी सोच को लेकर मुख्यमंत्री नायब सैनी प्रदेश में काम कर रहे हैं। अपने इस हरियाणा प्रदेश को परिवार मानने का काम किया है। कहा कि नए-नए बाइपसों को जींद में बनाने का काम किया। नया रेलवे स्टेशन, हाइड्रोजन गैस प्लांट व जींद जिला में नई आईएमएटी बनाने का काम किया। बरसोला माइनर बहुत पुरानी मांग है। मुख्यमंत्री इस मांग को अवश्य पूरा करेंगे। कविता के माध्यम से कहा कि कहते हैं विपक्ष पूछता है विकास कहां है, मैं कहता हूं आंखें खोलो कि विकास जमीन पर है। वो विपक्ष को कहना चाहते हैं कि उन्हें सेवा का मतलब समझ नही आता है। जनता की सेवा से दूर रहने वाले कांग्रेसी आज बौखला चुके हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हर समय जनता की सेवा में मौजूद रहते हैं।



भीड़ का अभिवादन स्वीकर करते हुए सीएम नायब सिंह सैनी।


सभा स्थल पर जगह नहीं होने से शैड के बाहर खड़े होकर भाषण को सुनते लोग।

### ये रहे मौजूद

कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, विधायक पवन खरखौदा, जिला प्रभारी मदलाल गोयल, जिलाध्यक्ष तेजेंद्र ढूल, जवाहर सैनी, योगेश बैरागी, अमरपाल राणा, संदीप चहल, रामचंद्र अत्री, सतीश जांगड़ा, श्रवण मांडी, संजय चहल, डा. रामचंद्र जांगड़ा, सुरेंद्र खरकभूरा, प्रवीण गर्ग सहित अनेक गणमान्य लोग व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### उचाना अब ठहराव नही विकास चाहता हैः अत्री

उचाना विधायक देवेंद्र अत्री ने कहा कि उचाना की धरती पर उमडा जनसैलाब यह साबित कर रहा है कि अब उचाना ठहराव नही विकास चाहता है। उचाना में बड़े बड़े राजनीतिक घरानों को चुना। ऐसा पहली बार हुआ कि भाजपा ने मुझे प्रत्याशी के रूप में उतारा और गरीब किसान के बेटे को विधानसभा में भेजा। पहले चुने हुए लोग जीत कर दिल्ली और चंडीगढ़ से राजनीति करते थे। उन्हें उचाना से लेना देना नही था। पहले उनसे मिलने के लिए पांच से दस हजार रुपये खर्च करने पड़ते थे। उचाना की सुध किसी ने नही ली। मुझे से लोगों का सीधा संवाद है। विधायक देवेंद्र अत्री ने कहा कि पहले लोग लाइनों में लगते थे और शाम तक बैठे रहते थे। आज मैं प्रतिदिन जनता की सेवा में रहता हूं। हर गांव में समसयाएं सुनते हैं। भाजपा सरकार में विकास की रफ्तार बढ़ रही है। उचाना को विकास की जरूरत है। आप उचाना की आशा को पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि ढाकल हैड और बरसोला माइनर का मुद्दा है। यह उनकी विशेष मांगे हैं। उचाना के छह गांव आईएमटी में शामिल करने पर धन्यवाद किया और इससे उचाना में जमीनों के भाव बढ़ेंगे।

### ना किसी की पेंशन बंद की और ना ही काटी

कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि भाजपा सरकार ने ना किसी की पेंशन बंद की है और ना काटने काम किया है। पेंशन को लेकर कुछ शिकायतें थी तो उनके विभाग के अधिकारियों ने इसे जांचने का काम किया। जब यह मामला मुख्यमंत्री नायब सैनी के संज्ञान में आया तो केवल इन मामलों की जांच की गई लेकिन किसी की पेंशन रोकी नही गई। मंत्री कृष्ण बेदी ने पेंशन को लेकर कहा कि सीएम ने केवल एक ही बात कही थी कि पेंशन शिकायतों की बस जांच की जाए लेकिन तब तक पेंशन किसी की न रोकी जाए और लोगों के खाते में पेंशन लगातार आती रहे।

### सीएम ने उचाना के लिए ये की घोषणाएं

सीएम नायब सैनी ने उचाना के छह जलमार्गों की रीमॉडलिंग तथा रिहैबिलिटेशन कराई जाएगी। जिसके ऊपर तीन करोड़ 72 लाख रुपये का खर्चा आएगा। ग्राम पंचायत उचाना खुर्द में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के नए भवन का निर्माण होगा। करसिंधु के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को अपग्रेड किया जाएगा, जिस पर 20 करोड़ का खर्च आएगा। करसिंधु को महाग्राम का दर्जा देने की घोषणा सीएम करते कहा कि 50 करोड़ की राशि विभिन्न कार्यों पर खर्च होगी। हलके के हर गांव में ई-लाइब्रेरी, जिम बनाई जाएगी। बरसौला सब माइनर आरडी-19000 से 36500 का पुनर्वास करवाया जाएगा।

## हाइड्रोजन ट्रेन के ट्रायल को लेकर प्रक्रिया तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हाइड्रोजन ट्रेन के ट्रायल को लेकर प्रक्रिया तेज हो गई है। लखनऊ से टीम जींद पहुंची है। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि अब ट्रेन के दूसरे इंजन की ट्रायल जल्द हो सकती है। पिछले पिछले दिनों 29 जनवरी से लेकर तीन फरवरी तक भंभेवा में हाइड्रोजन ट्रेन के इंजन की टेस्टिंग की गई थी। डीजल इंजन की मदद से हाइड्रोजन ट्रेन के इंजन को भंभेवा लाया गया था। यहां चेन्नई की मेधा कंपनी व दिल्ली से रेलवे कर्मचारी भी टेस्टिंग के लिए पहुंचे थे। इस दौरान इंजन की गति ब्रेकिंग सिस्टम, तकनीकी क्षमता और सुरक्षा मानकों की बारीकी से जांच की गई थी। रेलवे की तकनीकी टीम और वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में यह टेस्टिंग की थी। इसके साथ-साथ जींद-सोनीपत ट्रैक पर झाड़ियां भी साफ की गई थी। एक सप्ताह से प्लांट में बंद कंप्रेशर को भी ठीक कर लिया है। उम्मीद जताई जा रही है कि यदि दूसरे इंजन के बाद ट्रेक का ट्रायल पूरी तरह सफल रहेगा तो आने वाले समय में हाइड्रोजन ट्रेन यात्रियों के लिए एक नई और सुरक्षित सुविधा साबित होगी।

### मकान पर गिरी आसमानी बिजली, लाखों के उपकरण जले

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के मालवी रोड पर बुधवार को बारिश के दौरान एक मकान पर अचानक आसमानी बिजली गिर गई। बिजली गिरने से मकान में लगे लाखों रुपये के बिजली के उपकरण जलकर नष्ट हो गए। हालांकि गनीमत यह रही कि घर में मौजूद परिवार के सदस्य और पास में बंधे घोड़े सुरक्षित बच गए। जिससे एक बड़ा नुकसान टल गया। मकान मालिक रमेश लाठर ने बताया कि बुधवार को उनके मकान परिसर में स्थित नीम के पेड़ पर तेज धमाके के साथ आसमानी बिजली गिरी। धमाका इतना जबरदस्त था कि पूरे घर में कंपन महसूस हुआ और दीवारों में दरारें तक आ गईं। बिजली गिरते ही तेज रोशनी और जोरदार आवाज से परिवार के लोग घबरा गए।

## कार्यकारी अभियंता के रवैये को लेकर बिजली कर्मचारियों ने नारेबाजी की

- कर्मचारियों को प्रताड़ित करने पर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित एचएसईबी वर्कर यूनियन ने बुधवार को कार्यकारी अभियंता विकास मलिक के खिलाफ दूसरे दिन भी प्रदर्शन किया और धरना दिया। प्रदर्शनकारी बिजली निगम कर्मियों ने कार्यकारी अभियंता की कार्यशैली को लेकर रोष जताते हुए नारेबाजी की और कर्मियों को प्रताड़ित करने के आरोप लगाए। कर्मचारियों ने चेताया कि कार्यकारी अभियंता ने कर्मियों के प्रति अपना रवैया नही बदला तो ठोस कदम उठाया जाएगा। धरने की अध्यक्षता यूनिट प्रधान हरिओम ने की व मंच का संचालन सचिव धर्मवीर बैरागी ने किया। उन्होंने कहा कि जींद के कार्यकारी अभियंता विकास मलिक के द्वारा कर्मचारियों को प्रताड़ित किया जा रहा है। कार्यकारी अभियंता कर्मचारियों पर गलत तरीके से दबाव डालते हैं और उपभोक्ता की चोरी छुड़वाने, पोल शिफ्ट करवाने और टेंपर मीटर छोडने के लिए कर्मचारियों पर दबाव डालते हैं। गलत कार्य न करने पर कर्मचारियों से अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं। उपमंडल अधिकारियों को दरकिनार करके बेवजह कर्मचारी को तंग किया जा रहा है। उप राज्य प्रधान वीरेंदर व पूर्व सर्किल सचिव राजेश आसन ने कहा कि जब तक कार्यकारी अभियंता अपने शब्द वापस नही लेते तब तक धरना चलता रहेगा।


मांगों को लेकर नारेबाजी करते कर्मचारी।

### जुआरियों से 14 हजार रुपये की नकदी मिली

**कैथल।** थाना शहर पुलिस टीम द्वारा फ्रांसवाला रोड़ कैथल के पास स्थित एक दुकान में ताश से जुआ खेल रहे 8 आरोपियों को काबू कर लिया गया। जिनके कब्जे से 14 हजार 650 रुपए नकदी व 104 पत्ते ताश बरामद हुए। सभी आरोपियों के खिलाफ पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना शहर एसएचओ इंस्पेक्टर गीता की अगुवाई में पीएसआई जोनी व एएसआई राजीव की टीम को गश्त दौरान एक सूचना मिली कि फ्रांसवाला रोड़ कैथल के पास स्थित एक दुकान कुछ व्यक्ति ताश की मार्फत जुआ खेल रहे है। जिनको दबिश देकर काबू किया जा सकता है। सूचना विश्वसनीय होने कारण पुलिस द्वारा रेडिंग पार्टी का गठन करके नियमानुसार कार्रवाई तहत उक्त दुकान पर दबिश दी गई।

## कैथलः अवैध कॉलोनियों पर चला पीला पंजा

### अपीलः आमजन अवैध कॉलोनियों में अपनी मेहनत की कमाई न फंसाएं

- नोटिस की अवहेलना, न तो काम रोका, न विभाग से ली अनुमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला प्रशासन और जिला नगर योजनाकार विभाग ने शहर के अर्बन एरिया के तहत आने वाली राजस्व संपदा पट्टी कायस्थ सेठ और पट्टी चौधरी में अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनियों तोड़फोड़ की कार्रवाई की। यह कार्रवाई जिला नगर योजनाकार प्रवीण कुमार की देखरेख में हुई, जो ड्यूटी मजिस्ट्रेट के तौर पर तैनात रहे। उन्होंने बताया कि पट्टी चौधरी में लगभग 2 एकड़ में फैली अवैध कॉलोनी की चारदीवारी को ढहा दिया गया। पट्टी कायस्थ सेठ में भी 2 एकड़ क्षेत्र में बनाई गई सड़कों, सीवरेज लाइन और डी.पी.सी. को जेसीबी मशीनों की मदद से शुरुआती चरण में ही तोड़ दिया गया। भू-मालिकों और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन उन्होंने न तो काम रोका और न ही विभाग से अनुमति ली। जिसके उपरांत इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया। विभाग ने संबंधित भू-मालिकों और डीलरों के खिलाफ पुलिस स्टेशन कैथल (इन्फोर्समेंट) में मुकदमा दर्ज करने हेतु शिकायत भेज दी है, जिस पर जांच शुरू हो चुकी है। जिला नगर योजनाकार ने आमजन को आगाह किया है कि वे प्रॉपर्टी डीलरों के बहकावे में आकर अवैध कॉलोनियों में अपनी मेहनत की कमाई न फंसाएं।


पूंडरी। अवैध कालोनियों में निर्माण को ढहाती जेसीबी। फोटो :हरिभूमि

## नाबालिग से दुष्कर्म के जुर्म में बीस साल का कारावास

- सजा के अलावा अदालत ने एक लाख पांच हजार लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिफा की अदालत ने नाबालिग लड़की को बंधक बना दुष्कर्म करने के जुर्म में दोषी को बीस साल का कारावास तथा एक लाख पांच हजार रुपये जर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न भरने पर दोषी को एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष के अनुसार पिल्लूखेड़ा थाना इलाके की एक नाबालिग लड़की ने छह जून 2024 को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह कार्यवश रिश्तेदारी में आई हुई थी। वहां पर पड़ोसी जीजा गांव गोसाईखेड़ा निवासी मनीष भी आया था। आरोपित मनीष ने उसके साथ दुष्कर्म किया। जब उसने विराध किया तो आरोपित ने उसके साथ मारपीट की। काफी देर तक कमरे में बंद रखा गया और घटना के बारे में किसी को बताने पर बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। महिला थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपित मनीष के खिलाफ दुष्कर्म करने, बंधक बनाने, अशील हरकत करने, छह तथा आठ पास्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया था।

## बोर्ड परीक्षाओं को लेकर शिक्षा विभाग ने कसी कमर

# कैथलः 74 परीक्षा केंद्रों के लिए 20 उड़नदस्ते गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं व 12वीं कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाएं 25 फरवरी से शुरू होंगी। बोर्ड द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार 10वीं कक्षा की परीक्षाएं 20 मार्च तक और 12वीं कक्षा की परीक्षाएं 2 अप्रैल तक आयोजित की जाएंगी। परीक्षाओं को लेकर विद्यार्थियों में जहां उत्साह है, वहीं शिक्षा विभाग ने भी व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। बता दें कि परीक्षाओं के सफल, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संचालन के लिए विभाग ने पूरी तैयारी की हैं। इसके लिए जिले में 74 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। इसमें सबसे अधिक कैथल डिविजन में 51, कलायत में 10 और गुहला में 13 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। वहीं, 74 की परीक्षा केंद्र अधीक्षक नियुक्त किए गए हैं। प्रत्येक केंद्र पर पर्याप्त स्टाफ, पर्यवेक्षक व सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।




### शांतिपूर्ण व निष्पक्ष करवाई जाएंगी परीक्षा

जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष कुमार ने बताया कि बोर्ड की परीक्षा को लेकर प्रशासन द्वारा मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त किया जा रहा है और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। नकल पर रोक लगाने के लिए विशेष फ्लाइंग टीम का गठन किया है। संवेदनशील केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने की योजना बनाई है। अधिकारियों द्वारा लगातार केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की जा रही है। परीक्षा पूरी तरह से शांतिपूर्ण और निष्पक्ष करवाई जाएंगी।

### आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाएंगे

विभाग द्वारा 20 से अधिक फ्लाइंग टीमों का गठन भी किया गया है ताकि नकल जैसी गतिविधियों पर सख्ती से रोक लगाई जा सके। बोर्ड परीक्षाओं में दोनों कक्षाओं के इस वर्ष 70 हजार से अधिक विद्यार्थी शामिल होंगे। शिक्षा विभाग का दावा है कि सभी केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी, ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।


**कैथल।** पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

### 2.675 किलो ग्राम अफीम सहित तस्कर दबोचा

**कैथल।** सीआईए-1 पुलिस ने थाना ढांड क्षेत्र से राजस्थान निवासी एक नशा तस्कर को 2 किलो 675 ग्राम अफीम सहित काबू किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीआईए-1 प्रभारी एसआई जसवंत की अगुवाई में गश्त दौरान एएसआई गुरदान सिंह टीम बस अड्डा ढाण्ड के पास मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि राजस्थान के पिपली आचार्य जिला राजसमंद निवासी हंसराज अफीम की तस्करी करता है और वह गांव खेड़ी रायेवाली बस अड्डे पर किसी को अफीम देने आने वाला है। जिसे नाकाबंदी करके भारी मात्रा में अफीम सहित पकड़ा जा सकता है। सूचना विश्वसनीय होने कारण पुलिस टीम ने तुरंत कैथल-कुरुक्षेत्र रोड स्थित बस अड्डा खेड़ी रायेवाली पर नाकाबंदी शुरू की। करीब शाम 5 बजे ढांड की तरफ से एक संदिग्ध व्यक्ति हाथ में थैला लेकर आता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर वह भागने लगा, जिसे सतर्क पुलिस टीम ने पीछा कर काबू कर लिया। जिसकी पहचान हंसराज उर्फ नरेश रेगर निवासी पिपली आचार्य, जिला राजसमंद राजस्थान के रूप में हुई।



आप किसी भी उम्र के हों, अगर आपके जोड़ों में दर्द, सूजन रहती है तो आपको जांच कराने में देर नहीं करनी चाहिए। ऐसा रूमेटॉइड आर्थराइटिस के कारण हो सकता है। सही समय पर टेस्ट और ट्रीटमेंट के जरिए इससे राहत मिल सकती है।

# रूमेटॉइड आर्थराइटिस समय पर डायग्नोसिस-ट्रीटमेंट है जरूरी

डिजीज
डॉ. अभिक बनर्जी
जोनल टेक्निकल चीफ
अपोलो डायग्नोस्टिक्स, कोलकाता



कई आंकड़ों से यह बात सामने आई है कि बहुत से लोग रूमेटॉइड आर्थराइटिस (आरए) जैसी गंभीर बीमारी के साथ चुपचाप जीवन जी रहे हैं। लगभग 50 प्रतिशत मरीज समय पर डॉक्टर के पास नहीं जाते। वे शुरुआती लक्षणों को अकसर तनाव, थकान या हल्का जोड़ों का दर्द समझकर नजरअंदाज कर देते हैं। यह समस्या अब युवाओं में भी देखी जा रही है, जिससे आगे चलकर जोड़ों को गंभीर नुकसान और विकलांगता हो सकती है।

**कैसे होती है समस्याः** रूमेटॉइड आर्थराइटिस, एक लंबे समय तक बनी रहने वाली बीमारी है। इसमें शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता, अपने ही जोड़ों पर हमला करने लगती है। इससे जोड़ों में लगातार सूजन बनी रहती है और धीरे-धीरे जोड़ों को नुकसान पहुंचता है।

इस बीमारी के होने के कई कारण हो सकते हैं, जैसे परिवार में बीमारी का इतिहास, हार्मोन में बदलाव, धूम्रपान, ज्यादा तनाव और कुछ संक्रमण। आमतौर पर लोग सोचते हैं कि गठिया सिर्फ बढ़ती उम्र में होता है, लेकिन रूमेटॉइड आर्थराइटिस 20 से 30 साल की उम्र के लोगों को भी हो सकता है।



**रोग के लक्षणः** इस रोग के कॉमन लक्षण हैं जोड़ों में दर्द, सूजन, सुबह के समय जोड़ों में जकड़न, जल्दी थक जाना और कमजोरी महसूस होना। अगर समय पर जांच और इलाज न किया जाए, तो यह बीमारी जोड़ों की बनावट बिगाड़ सकती है। इसके अलावा यह फेफड़ों, दिल और आंखों जैसे शरीर के दूसरे अंगों को भी प्रभावित कर सकती है। इससे चलने-फिरने में परेशानी होती है, रोजमर्रा के काम करना मुश्किल हो जाता है, काम करने की क्षमता घटती है और जीवन की गुणवत्ता पर बुरा असर पड़ता है। सबसे बड़ी समस्या यह है कि शुरुआती लक्षण बहुत हल्के होते हैं, इसलिए लोग उन्हें गंभीरता से नहीं लेते। 20-30 साल के युवा और कामकाजी लोगों में रूमेटॉइड आर्थराइटिस के मामलों में लगभग 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई है।

**न करें इग्नोरः** इस रोग से ग्रसित करीब 50 प्रतिशत लोग जोड़ों की जकड़न, दर्द या सूजन जैसे शुरुआती लक्षणों को नजरअंदाज कर देते हैं और तब डॉक्टर के पास जाते हैं, जब बीमारी रोजमर्रा की जिंदगी को प्रभावित करने लगती है। हर 10 में से लगभग 5 मरीज ऐसे होते हैं, जो बहुत देर से जांच के लिए आते हैं, जब तक जोड़ों को नुकसान शुरू हो चुका होता है। यह देरी आगे चलकर स्थायी जोड़ों की खराबी और लंबे समय तक की विकलांगता का कारण बन सकती है।

बहुत से मरीज इसलिए चुपचाप दर्द सहते रहते हैं क्योंकि उन्हें रूमेटॉइड आर्थराइटिस के शुरुआती लक्षण समझ में ही नहीं आते या वे डॉक्टर के पास जाने में देर कर देते हैं। खासकर युवा लोग यह मान लेते हैं कि जोड़ों का दर्द ज्यादा काम, तनाव या व्यायाम की कमी की वजह से है। लेकिन ऐसा सोचने से बीमारी बढ़ती जाती है और जोड़ों को ऐसा नुकसान हो जाता है, जिसे समय पर जांच और उपचार से रोका जा सकता था। रूमेटॉइड आर्थराइटिस को कंट्रोल करने के लिए जल्दी जांच कराना सबसे जरूरी है।

**जांच के तरीकेः** आरए की जांच के लिए कुछ अहम जांचें की जाती हैं, जैसे रूमेटॉइड फैक्टर (आरएफ) और एंटी सीसीपी एंटीबॉडी टेस्ट, जो यह बताते हैं कि बीमारी ऑटोइम्यून है या नहीं। ईएसआर और सीआरपी जांच से शरीर में सूजन का स्तर पता चलता है। ब्लड की सामान्य जांच से शरीर की दूसरी समस्याओं का पता लगाया जाता है। इसके अलावा एक्सरे, अल्ट्रासाउंड या एमआरआई स्कैन से जोड़ों में सूजन और शुरुआती नुकसान का पता चल जाता है। अगर समय पर जांच हो जाए, तो बीमारी को धीमा करने वाली दवाएं शुरू की जा सकती हैं। इससे दर्द कम होता है, बीमारी आगे नहीं बढ़ती और जोड़ों की काम करने की क्षमता बनी रहती है। नियमित जांच और स्कैन से इलाज को समय-समय पर बदला जा सकता है और बीमारी को दोबारा बढ़ने से बचा जा सकता है।

**ट्रीटमेंटः** इसके इलाज में ऐसी दवाएं दी जाती हैं, जो बीमारी को बढ़ने से रोकती हैं। इसके साथ फिजियोथेरेपी भी बहुत जरूरी होती है, जिससे जोड़ों की ताकत बनी रहती है। रोजाना हल्का व्यायाम, संतुलित आहार, तनाव को कम करना और धूम्रपान छोड़ना भी इलाज का अहम हिस्सा है। नियमित रूप से डॉक्टर से फॉलोअप कराने से बीमारी पर नजर रखी जा सकती है और जरूरत पड़ने पर इलाज बदला जा सकता है। *

प्रस्तुतिः सेहत डेस्क


डॉक्टर्स एडवाइस

डॉ. वैभव चतुर्वेदी
मनोचिकित्सक-कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, इंदौर

देश-दुनिया में आए दिन सुसाइड यानी आत्महत्याओं के मामले सामने आते रहते हैं। वैसे तो सभी आयु वर्ग के व्यक्तियों में ऐसी प्रवृत्ति देखी जाती है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से युवा वर्ग, खासकर स्टूडेंट्स में भी आत्महत्या के मामलों में इजाफा हुआ है, जो एक चिंताजनक और विचारणीय मुद्दा है। कुछ सुझावों पर अमल कर आत्मघाती प्रवृत्ति से बचाव किया जा सकता है।

# सुसाइड के लगातार बढ़ते मामले सपोर्ट-ट्रीटमेंट से संभव है बचाव







वर्ल्ड साइकिएट्रिक एसोसिएशन के अनुसार खुद की जान को खत्म कर देने वाले लोगों की संख्या में इजाफा होना परिवार, समाज और सरकार इन तीनों के ही लिए अत्यंत गंभीर विचारणीय मुद्दा है। ऐसा इसलिए क्योंकि इतनी जानें तो दुनिया भर में प्रतिवर्ष होने वाली विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं और आतंकवादी घटनाओं में भी नहीं जाती हैं, जितनी लोग स्वयं गवां देते हैं। साइकिएट्रिक एसोसिएशन के अनुसार, 'इस स्थिति को काफी हद तक कम किया जा सकता है, अगर हम आत्महत्या की तरफ बढ़ रहे लोगों को यह दिलासा दिला सकें कि हम तुम्हारे साथ हैं।'

## एक प्रमुख कारण है डिप्रेशन

अवसाद (डिप्रेशन), आत्महत्या के एक बड़े कारण में शुमार है। बड़ी संख्या में लोग दुनिया भर में डिप्रेशन के कारण आत्महत्या करते हैं, ऐसा मशहूर यूरोपियन रिसर्च यूनिवर्सिटी, नीदरलैंड्स द्वारा किए गए एक अध्ययन का आकलन है।

## तनाव का हावी होना

यूरोपियन साइकिएट्रिक एसोसिएशन द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार, जिन लोगों के दिलो-दिमाग पर तनाव हावी हो जाता है और जो मनोचिकित्सक या विशेषज्ञ डॉक्टर के परामर्श पर अमल नहीं करते, तो इस स्थिति में ऐसे लोग नकारात्मक विचारों से घिर जाते हैं। उन्हें लगता है कि उनकी दुनिया अंधेरे में जा चुकी है, जिससे निकलने का कोई रास्ता नहीं है। इस तरह की मनोदशा कालांतर में आत्महत्या का कारण बन सकती है।

**अन्य कारकों के दुष्प्रभावः** कुछ मनोरोग जैसे बाइपोलर डिसऑर्डर, सिजोफ्रेनिया आदि के अलावा मादक पदार्थों की एक अरसे से जारी लत खुद की जान लेने के जोखिम को बढ़ा सकती है।

**विफलता या भावनात्मक झटकाः** किसी क्षेत्र में असफल रहना और उस असफलता को बर्दाश्त न कर पाना भी आत्महत्या का कारण बन सकता है। वहीं संबंधों में विच्छेद से एक बड़ी संख्या में लोगों को भावनात्मक झटका लगता है, जिसे अनेक लोग सहन नहीं कर पाते। इसके अलावा पारिवारिक और व्यवसाय से संबंधित जिम्मेदारियों का बोझ और आर्थिक स्थिति का खराब होना आदि ऐसे कारण हैं, जो खुद की जान को नुकसान पहुंचाने के लिए उकसाते हैं।



## इन लक्षणों पर दें ध्यान

- अकेलापन पसंद करना, यह सोचना कि दुनिया में मेरा कोई नहीं है।
- किसी भी प्रकार के मेल-मिलाप से कतराना।
- दूसरों के समक्ष इस तरह की बातें करना कि अब जिंदगी जीने का मकसद नहीं रह गया है।
- किसी कारण के बगैर खुद को जोखिम में डालने वाले कार्य करना। जैसे लापरवाही से वाहन चलाना आदि।
- किसी की बात न सुनना-खुद में गुमसुम रहना।
- स्वभाव में अप्रत्याशित परिवर्तन जैसे जो व्यक्ति खुशमिजाज रहता हो, वह उदास रहने लगता है।
- ऐसे लोगों का मूड अकसर उदास रहता है।
- भूख कम लगना या समय पर खाना न खाना।
- नींद पूरी न ले पाना।
- आत्महत्या का प्रयास करने वाले कुछ ऐसे भी लोग होते हैं, जो उपरोक्त संकेत नहीं देते और वे अपनी बात को मन में दबाए रखते हैं।

## दूसरों की मदद लें

अमेरिकन साइकिएट्रिक एसोसिएशन के अनुसार दुनिया में मानसिक समस्याओं से पीड़ित लगभग 65 प्रतिशत से अधिक लोग दूसरों से मदद लेने में हिचकिचाते हैं, ऐसा इसलिए क्योंकि उन्हें लगता है कि अगर मैं किसी अन्य व्यक्ति को अपनी परेशानी बताऊंगा तो वे सब मेरी आलोचना करेंगे। ऐसे लोगों की गलत धारणा को दूर करने में मनोचिकित्सक काउंसलिंग का सहारा लेते हैं। इससे मन की नकारात्मकता दूर होती है।

## बचाव के उपाय

- योगासन, प्राणायाम और विशेषकर ध्यान या मेडिटेशन मन की अशांति को दूर करने का एक सशक्त माध्यम हैं।
- विश्व प्रसिद्ध मेडिकल जर्नल 'दि लैंसेट' में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार जो लोग समाज में मिलते-जुलते (सोशल इंटरएक्शन) रहते हैं और जिंदगी में रिश्तों को अहमियत देते हैं, उनमें आत्महत्या से संबंधित विचारों के पनपने की आशंकाएं काफी हद तक कम हो जाती हैं।
- पीड़ित व्यक्ति को अकेला न छोड़ें।
- ईश्वर पर गहन विश्वास रखने से व्यक्ति में चिंताओं, तनावों और पीड़ाओं से लड़ने का माद्दा विकसित होने में मदद मिल सकती है। ऐसा विश्वास व्यक्ति को निराशावादी से आशावादी बना सकता है। जो व्यक्ति आशावादी है, वह आत्महत्या करने का प्रयास अपवाद स्वरूप ही करता है।
- कोई हॉबी विकसित करें। अगर आपकी संगीत में रुचि है तो इसके लिए कुछ समय निकालें।

## इलाज के तरीके

अवसाद से प्रभावित ऐसे लोग, जो सुसाइडल सोच की ओर बढ़ रहे हैं, उन्हें इन उपचारों से ठीक कर सकते हैं।

**साइकोथेरेपीः** इसमें मनोचिकित्सक मरीज के साथ संवाद स्थापित करते हैं और उसके परिजनों को भी सुझाव देते हैं।

**इलेक्ट्रो कंवल्सिव थेरेपी (ईसीटी)ः** इंडियन साइकिएट्रिक सोसायटी के अनुसार यह थेरेपी डिप्रेशन समेत अन्य मनोरोगों को दूर करने की एक विशिष्ट चिकित्सा विधि है, जिसके अच्छे नतीजे सामने आ रहे हैं। इस विधि के अंतर्गत नियंत्रित विद्युत तरंगों के जरिए 'ब्रेन केमिस्ट्री' को प्रभावित किया जाता है। इसके जरिए मस्तिष्क में आने वाले आत्मघाती विचारों को सकारात्मक विचारों में तब्दील करने में मदद मिलती है।

**एंटीडिप्रेसेंट टैबलेट्सः** मनोचिकित्सक की सलाह के अनुसार रोगी को एंटीडिप्रेसेंट दवाई लेनी चाहिए। *

प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला

## बच्चों-किशोरों पर पैरेंट्स दें ध्यान

इंडियन साइकिएट्रिक सोसायटी के विशेषज्ञों के अनुसार अपने करियर को बनाने के चक्कर में पढ़ाई का दबाव और उस पर भी पैरेंट्स की अपने बच्चों से बड़ी-बड़ी उम्मीदें सजोना, किशोर और युवा वर्ग को तनावग्रस्त बनाता है। अगर उन्हें उनके मुताबिक नौकरी नहीं मिल पाती तो यह स्थिति कालांतर में डिप्रेशन और कुछ मनोरोगों के जरिए आत्महत्या का कारण बन सकती है। इसलिए पैरेंट्स को अपने बच्चों, खासकर किशोरों और युवाओं पर इस बात की नजर रखनी चाहिए कि उनके बच्चों के स्वभाव में नकारात्मक परिवर्तन तो नहीं हो रहे हैं। अगर ऐसा है, तो फिर उन्हें मनोचिकित्सक के पास जरूर ले जाएं।



हेल्थ सजेशन
रजनी अरोड़ा

अगर आप अपनी डेली लाइफ में कुछ बैड हैबिट्स से दूर रहें तो एजिंग प्रोसेस धीमी होगी। यानी लंबे समय तक आप यंग- एनर्जेटिक बने रहेंगे। इस बारे में आपके लिए बहुत यूजफुल इंफॉर्मेशंस।

# अपनाएं ये अच्छी आदतें लंबे समय तक रहेंगे यंग



आज के दौर में मिड एज के ज्यादातर लोग अकसर लो फील करते हैं। दरअसल, जाने-अनजाने वे ऐसी कई आदतें डाल लेते हैं, जो उन्हें ओवरवेटेड, थका हुआ और लो एनर्जी वाला बना देती हैं। जिनकी वजह से अनचाहे ही बुढ़ापे का असर उन पर समय से पहले नजर आने लगता है।

**अनहेल्दी डाइट हैबिटः** बढ़ती उम्र के साथ व्यक्ति के शरीर का डायजेस्टिव सिस्टम कमजोर और शारीरिक गतिविधियां कम होने लगती हैं। इसकी वजह से हेल्दी रहने के लिए खान-पान में बदलाव लाना जरूरी हो जाता है। यानी युवावस्था में जहां देर-सवेर या जरूरत से ज्यादा खाना और अनहेल्दी या ऑयली फूड भी शरीर पचा लेता है। वहीं 40-45 साल की एज के बाद अकसर इसे नजरअंदाज किया जाता है, जो कई समस्याओं का कारण बन सकता है।

ऐसे में स्ट्रिक्ट डाइटिंग और खान-पान की आदतों में बदलाव लाना इसका सॉल्यूशन है। खाना बंद करने या भूखा रहने के बजाय संतुलित मात्रा में खाना जरूरी है। यानी अपनी डाइट में पोर्शन साइज थोड़ा-सा छोटा करें। हमेशा एक रोटी की भूख छोड़कर खाना खाएं। ओवर ईटिंग न करें। यथासंभव प्रोसेस्ड, जंक और ऑयली फूड्स से परहेज करें। प्रोटीन, कैल्शियम रिच डाइट ज्यादा से ज्यादा लें। लिक्विड कैलोरीज (मीठी चाय, कॉफी, सॉफ्ट ड्रिंक्स, बियर या फ्रूट जूसेस) बिल्कुल बंद कर दें क्योंकि ये ब्लड में पहुंच कर शरीर में तेजी से अवशोषित हो जाते हैं और सेहत के लिए नुकसानदायक होते हैं।



**भरपूर नींद न लेनाः** बढ़ती उम्र में देर रात तक जागना, पूरी नींद न सोने से अगला दिन बेकार ही नहीं हो जाता, सेहत को भी नुकसान पहुंचता है। बॉडी की एनर्जी लो हो जाती है, चिड़चिड़ापन या मूड स्विंग होते हैं, चाहकर भी काम पर फोकस नहीं कर पाते।

रात में 6-7 घंटे की नींद न लेने पर बॉडी में फैट एक्यूमुलेशन दोगुना तेजी से बढ़ने लगता है। व्यक्ति अनचाहे ही मोटापे और उससे उपजी बीमारियों की गिरफ्त में आ जाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि नींद को लेकर सजग रहें। अच्छी नींद के लिए सोते समय बेडरूम में एकदम अंधेरा करके सोएं। इससे मेलाटोनिन का रिसाव जल्दी होता है और व्यक्ति ज्यादा अच्छे से सो पाता है। टाइम पर बेड पर जाएं। कमरे को थोड़ा ठंडा रखें और सोने से कम-से-कम एक घंटा पहले स्क्रीन (चाहे वो टीवी हो या मोबाइल) बिल्कुल बंद कर दें।

**स्ट्रेंथ ट्रेनिंग न करनाः** आज की युवा पीढ़ी फिटनेस-प्रेमी या जिम-फ्रीक है। ज्यादातर फिट रहने या बॉडी बिल्डिंग के लिए रेग्युलर जिम भी जाते हैं और स्ट्रेंथ ट्रेनिंग, कार्डियो, वेट बियरिंग जैसी एक्सरसाइज करते हैं। जबकि बढ़ती उम्र के व्यक्ति वॉक करने या कार्डियो एक्सरसाइज तक ही सिमट जाते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ इसे उपयुक्त नहीं मानते क्योंकि स्ट्रेंथ ट्रेनिंग न करने पर शरीर में धीरे-धीरे मसल्स लॉस होना शुरू हो जाता है जिसका व्यक्ति को जल्द पता नहीं चल पाता। मसल्स दरअसल, व्यक्ति को केवल अच्छा फिगर या अच्छा लुक ही प्रदान नहीं करते, शरीर के सुरक्षा-कवच का भी काम करते हैं। जॉइंट्स को सपोर्ट देते हैं, मेटाबॉलिज्म को एक्टिवेट करते हैं और हार्मोन निर्माण में भी मदद करते हैं। रिसर्च से साबित हो गया है कि 40 साल की उम्र के बाद अगर व्यक्ति स्ट्रेंथ ट्रेनिंग नहीं करते तो हर साल उनका लगभग 1 प्रतिशत मसल्स लॉस होता है।



इससे बचने के लिए जरूरी है मिड एज के बाद भी रेग्युलर जिम जाएं और इंस्ट्रक्टर की निगरानी में स्ट्रेंथ ट्रेनिंग करें। जिम न जा पाने की स्थिति में हफ्ते में तीन-चार दिन बेसिक बॉडी वेट स्ट्रेंथ ट्रेनिंग जरूर करें जैसे-स्क्वेट्स, पुश-अप्स, पुल अप्स, रेजिस्टेंस बैंड्स। घर में मौजूद डंबल्स या वॉटर बोतल की मदद से भी आप एक्सरसाइज कर सकते हैं।

**हार्मोनल असंतुलन को इग्नोर करनाः** मिड एज के बाद अकसर कई तरह की शारीरिक-मानसिक समस्याएं शुरू हो जाती हैं। जिन्हें वे बढ़ती उम्र का असर मान लेते हैं। जैसे- वजन बढ़ना, हर वक्त थकान, काम में मन न लगना, अनियमित माहवारी, प्री-मेनोपॉज होना, सेक्स ड्राइव कम होना। मेडिकल साइंस इनके पीछे की वजह शरीर में मौजूद हार्मोनल असंतुलन को मानता है। हार्मोन असंतुलन होने पर शरीर का पूरा सिस्टम स्लो होने लगता है और कम उम्र में ही व्यक्ति पर असर दिखाई देने लगता है। जरूरी है उम्र से पहले आने वाले बदलावों पर गौर करें और हार्मोन असंतुलन को नजरअंदाज न करें। समय-समय पर हार्मोन लेवल चेक करवाएं। मेडिकल ट्रीटमेंट के अलावा लाइफस्टाइल में बदलाव करने पर हार्मोन-असंतुलन को काफी हद तक इंप्रूव किया जा सकता है।

**विल पॉवर न रखनाः** मिड एज में व्यक्ति की जिंदगी में अकसर ठहराव-सा आ जाता है। व्यक्ति डिसिप्लिन और सिस्टेमेटिक लाइफस्टाइल से दूर होता जाता है। उन्हें किसी के मोटिवेशन का इंतजार ज्यादा रहता है। जिंदगी में स्वस्थ और सफल होने के लिए मोटिवेशन के बजाय डिसिप्लिन और सिस्टम्स बनाना जरूरी है। ऐसे सिस्टम्स बनाने की जरूरत है, जो व्यक्ति को स्वतः ही सही दिशा की तरफ जाने में मदद करें। जरूरी है कि रुटीन, सिस्टम और स्ट्रक्चर तय करें और उसके हिसाब से नियम बनाएं। *

अवेयरनेस
रेखा देशराज

यह सही है कि जड़ी-बूटियों का रिएक्शन तुलनात्मक रूप से कम होता है। लेकिन ये नुकसान करते ही नहीं, यह सोच गलत है। ऐसे में किसी भी जड़ी-बूटी का सेवन करने से पहले कुछ बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है।

# सावधानी के साथ ही करें जड़ी-बूटियों का सेवन



हाल के सालों में प्राकृतिक दवाओं यानी जड़ी-बूटियों को लेकर आम लोगों में विश्वास बहुत ज्यादा बढ़ा है। लेकिन इस बढ़ते भरोसे के बीच सावधानी बरतना भी जरूरी है। क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में जड़ी-बूटियों और विभिन्न तरह के हर्बल उत्पादों का जो अंधाधुंध उपयोग शुरू हुआ है, उससे फायदे की जगह कई तरह के नुकसान भी सामने उभरकर आए हैं। दरअसल आम लोग जड़ी-बूटियों को हर हालत में सुरक्षित समझते हैं। इसलिए वो कई बार इनके जानकारों से भी यह राय लेना जरूरी नहीं समझते कि कौन-सी जड़ी-बूटी खानी चाहिए, कब खानी चाहिए और कैसे खानी चाहिए? ऐसे में ऐसी जड़ी-बूटियां जो आमतौर पर सेहत के लिए फायदेमंद होती हैं, कई बार उनसे भी नुकसान होते हुए देखने को मिलता है।

**बिना सलाह के न करें सेवनः** पहली बात तो यह गांठ बांध लें कि चाहे कोई भी चीज क्यों न हो, बिना उसके जानकार की राय लिए कभी नहीं खानी चाहिए। आजकल व्हाट्सएप, यू-ट्यूब और सोशल मीडिया में सभी विशेषज्ञ बनकर जो जानकारी देते रहते हैं, उससे भी इस तरह के नुकसान की आशंका बहुत बढ़ जाती है। यह समझना भी जरूरी है कि जिन जड़ी-बूटियों को हम केवल फायदे देने वाली समझते हैं, आखिर उनसे नुकसान कैसे हो जाता है? दरअसल, जड़ी-बूटियां पौधों से प्राप्त होती हैं, इसलिए इन्हें रासायनिक दवाओं की तुलना में ज्यादा कोमल माना जाता है। मगर हर कोमल चीज के डोज की भी एक लिमिट होती है। कई बार लोग जड़ी-बूटियों को नुकसान न पहुंचाने वाली समझकर इसके ओवर डोज का शिकार हो जाते हैं यानी इनकी सुरक्षित सीमा से ज्यादा का इस्तेमाल कर लेते हैं। इससे उल्टी, दस्त, सिरदर्द और चक्कर तो आते ही हैं, कई बार लीवर या किडनी भी फेल हो सकती है। इसलिए कभी-भी कोई जड़ी-बूटी तय डोज से ज्यादा न लें।



**कई तरह की हो सकती हैं परेशानियांः** सवाल है जड़ी बूटियों का इस्तेमाल करते हुए किस-किस तरह की सावधानियां बरती जानी चाहिए, जिससे हम इनके नुकसान के जोखिम से बचे रहें? हो सकता है कि किसी विशेष जड़ी-बूटी से किसी व्यक्ति पर कोई प्रभाव न पड़ता हो और किसी को उससे एलर्जी हो जाए। ऐसे में जिसको एलर्जी होती है, उसके लिए यह जड़ी-बूटी त्वचा पर कई तरह के रैशेज डाल सकती है। उसे सांस लेने में परेशानी पैदा कर सकती है या शरीर में सूजन हो सकती है। इसलिए जड़ी-बूटी का इस्तेमाल करते समय किसी जानकार की राय लेना जरूरी है, भले वह जड़ी-बूटी आपके परिवार में पहले किसी और के द्वारा इस्तेमाल की जाती रही हो और उसे इस तरह की कोई परेशानी न हुई हो। कई जड़ी-बूटियां पाचन सुधारने, प्रतिरक्षा तंत्र को मजबूत करने और शरीर की सूजन कम करने में बहुत असरकारक मानी जाती हैं। लेकिन कई बार यही जड़ी-बूटियां किसी ऐसे व्यक्ति के लिए खतरनाक साबित हो सकती हैं, जो पहले अंग्रेजी दवाओं का इस्तेमाल कर रहा हो, क्योंकि ये जड़ी-बूटियां अंग्रेजी दवाओं के असर को बढ़ा या घटा भी सकती हैं।

**तय समय तक करें सेवनः** जड़ी-बूटी को लेकर आमतौर पर उनके दीर्घकालिक उपयोग की धारणा बनी हुई है। लगभग हर आदमी यह समझता है कि जड़ी-बूटियों को लंबे समय तक उपयोग किया जा सकता है, क्योंकि इनमें किसी तरह का कोई साइड इफेक्ट नहीं होता। पर यह बात सही नहीं है। विशेषकर गर्भावस्था और स्तनपान करा रही महिलाएं अगर इस तरह के भ्रम का शिकार हों और वे लंबे समय से ली जा रही जड़ी-बूटियों को इन विशेष स्थितियों में भी लगातार लेती रहें, तो इनसे परेशानी पैदा हो सकती है। *

## खबर संक्षेप

### हिंदू कन्या कॉलेज की कशीश ने जीता गोल्ड

**जींद।** सीएम कप हैंडबॉल प्रतियोगिता हरियाणा में हिंदू कन्या कालेज की खिलाड़ी कशीश ने स्वर्ण पदक जीता है। हरियाणा खेल विभाग के निर्देशानुसार राज्यस्तरीय सीएम कप 2025-26 में जींद जिले की हैंडबाल टीम ने पूरे हरियाणा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिसमें महाविद्यालय की छात्रा कशिश ने अपना प्रतिनिधित्व दिया। उपलब्धि पर कॉलेज प्राचार्या डा. पूनम मोर ने खिलाड़ी को बधाई दी।

### शादी की सालगिरह पर लगाए पौधे

**जींद।** युवा विकास समिति के सलाहकार धर्मराज जागलान की शादी की 25वीं में सालगिरह पर पेड़, पौधे लगाए गए। समिति अध्यक्ष विजेता प्रदीप रेढू ने बताया कि आज युवा विकास समिति के सलाहकार धर्मराज जागलान की शादी की 25 सालगिरह पर 25 पेड़, पौधे लगाए। धर्मराज जागलान कहा कि हमें जन्मदिन व शादी की सालगिरह पर ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाने चाहिए।

### हरियाणा रग्बी टीम ने जीते दो रजत पदक

**जींद।** खेलो इंडिया अश्मिता रग्बी लीग के अंतिम दिन हरियाणा की अंडर 15 की लड़कियों की टीम ने सेमीफाइनल में उत्तराखंड को 24-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई और फाइनल में 5-0 से चंडीगढ़ से हारकर रजत पदक एवं 72 हजार रुपये प्राइज हासिल किया। जींद जिला रग्बी संघ के सचिव मुनीत बेरवाल ने बताया कि अंडर 18 टीम ने भी सेमीफाइनल में उत्तराखंड को 24-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई और हरियाणा ने दिल्ली से 17-0 से मैच गंवा कर रजत और 72 हजार का कैश अवार्ड जीता।

### दो युवतियां संदिग्ध हालात में लापता

**जींद।** जिले में दो युवतियों के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव रिटोली निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 16 फरवरी को उसकी बेटी घर से गायब हो गई। वहीं गांव बेलरखां निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बेटी ब्यूटी पार्लर पर गई थी।

### नाबलिग लड़की का अपहरण कर दुष्कर्म

**जींद।** नाबलिग लड़की को बहला-फुसला कर दुष्कर्म करने पर शहर थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।शहर थाना इलाका की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 15 फरवरी को उसकी 16 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई।

### बालक के साथ कुकर्म कर बनाई वीडियो

**जींद।** सदर थाना सफीदों इलाके में बालक के साथ कुकर्म करने तथा अशील वीडियो बनाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित के पिता की शिकायत पर दो युवकों के खिलाफ कुकर्म करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। सदर थाना सफीदों इलाके के व्यक्ति ने शिकायत में बताया कि एक माह पूर्व पड़ोसी रूद्र-कीमत 11 वर्षीय बेटे को बुला कर अपने घर ले गए।

### विवि में अंतराष्ट्रीय बहु विषयी सम्मेलन 27 को

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि द्वारा युवाओं में डोपिंग एवं नशीली दवाओं के बढ़ते दुरुपयोग जैसी गंभीर और समकालीन चुनौती पर केंद्रित एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय बहु विषयी सम्मेलन का आयोजन 27 को किया जा रहा है। युवा जोखिम में, डोपिंग एवं नशीली दवाओं का दुरुपयोग विषय पर आधारित सम्मेलन वर्तमान की संवेदनशील समस्या पर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गंभीर विमर्श का मंच प्रदान करेगा।

### प्रतिष्ठित कंपनियों में छात्रों को मिली नौकरी

**कैथल।** रा पॉलिटेक्निक शेरगढ़ के छात्रों का हालिया कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में कई विभागों से छात्रों का चयन कंपनियों में हुआ है। प्रधानाचार्य कुलवीर सिंह ने कहा कि ये जिले के लिए उपलब्धि है पॉलिटेक्निक से छात्रों का अलग-अलग कंपनियों में चयन हो रहा है।

### भाकियू ने दूसरे दिन धरना किया समाप्त

# सीएम से मिलने की चेतावनी पर सौंपे पॉलिसी के कागजात

## बैंक ने किसानों के खाते से बीमा प्रीमियम राशि काट ली थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। भाकियू नेताओं से बातचीत करते पुलिसकर्मी। फोटो :हरिभूमि

भारतीय किसान यूनियन का अनिश्तिकालीन धरना का बुधवार को पुरानी अनाज मंडी में आइसीआइसीआई बैंक के सामने बुधवार को दूसरे दिन जारी रहा। धरने की अध्यक्षता भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष बिंद्र लंबरदार ने की। किसान नेता बारिश में भी धरने पर बैठे रहे। भाकियू के जिला प्रेस प्रवक्ता रामराजी ढुल ने कहा कि बुधवार को उचाना में आयोजित रैली कार्यक्रम में किसानों ने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिलने की बात कही। उसके बाद बैंक मैनेजर ने तुरंत किसानों की मांग को माना और लिखित रूप मै बैंक मैनेजर ने किसानों को कागज दिए। उसके बाद भाकियू ने भी धरने को स्मापत किया। बारूराम रूपगढ़, जयबीर राजपुरा भैण, हिसार के जिला अध्यक्ष सतेंद्र कोथ, अजमेर रामराये, सूरजमल उपप्रधान, रमेश डूमरखां व प्रदीप बीबीपुर ने कहा कि बैंक ने किसानों के खाते से बीमा प्रीमियम राशि काट ली थी लेकिन जब बारिश के चलते फसल खराब हुई तो बैंक ने पालिसी नंबर नहीं दिया। इसके चलते उन्हें फसल खराबा नहीं मिल पाया था। 24 जुलाई 2025 को उनका बीमा प्रीमियम कटा था। इसके बाद 26 अगस्त के आसपास बारिश से उनकी कपास की फसल खराब हो गई तो उन्होंने बीमा कंपनी के दिए टोल फ्री नंबर पर शिकायत दर्ज करवाईए जिस पर उनसे पालिसी नंबर मांगा गया। जब वह पालिसी नंबर लेने के लिए बैंक में आए तो उन्हें टाल मटोल करते हुए कुछ दिन का समय दिया। इसके बाद दिसंबर तक उन्हें चक्कर लगवाए गए लेकिन समस्या का समाधान नहीं करवाया। 24 दिसंबर को उन्होंने धरना देने की चेतावनी दी तो प्रशासन ने मध्यस्तता करते हुए 26 जनवरी तक का समय किसानों को दिया। इस बीच डीसी आफिस जींद में डीआरओ और बैंक प्रबंधन के साथ किसानों की बैठक हुई थी। इसमें भी डीआरओ ने बैंक प्रबंधन को पॉलिसी नंबर देने के लिए कहा। इसके बाद एक फरवरी तक का समय दिया गया। इसके बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो किसानों ने शहर थाना पुलिस और बैंक प्रबंधन को ज्ञापन देते हुए अल्टीमेटम दिया कि 16 फरवरी तक उनका समाधान नहीं हुआ तो 17 फरवरी को वह धरना शुरू कर देंगे। समस्या का समाधान नहीं होने पर 17 फरवरी से अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया था। दूसरे दिन भी बारिश के बीच किसान धरने पर मौजूद रहे और इस दौरान उन्होंने बैंक कर्मचारियों से उचाना में सीएम से मिलने की बात कही। इसके बाद बैंक कर्मचारियों ने किसानों को उनके पालिसी नंबर से संबंधित कागज सौंप दिए और कागज मिलने के बाद किसानों ने धरना समाप्त कर दिया है।

# मोतीलाल नेहरू स्कूल के छात्रों ने जेईई मेन्स में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की नई ऊंचाइयों को छूते हुए मोतीलाल नेहरू स्कूल के विद्यार्थियों ने जेईई मेन्स परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्र कशिश जैन, पुष्कर सैनी, शिवांश, अंतिमा और मयंक इन मेधावी छात्र व छात्राओं ने मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर शानदार प्रदर्शन करते हुए श्रेष्ठ परिणाम हासिल किए। विद्यालय की छात्रा कशिश जैन ने 99.5% प्राप्त कर असाधारण उपलब्धि हासिल की। वहीं छात्र पुष्कर सैनी ने 95.5 पर्सेंटाइल और शिवांश ने 92 पर्सेंटाइल प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन सभी विद्यार्थियों ने यह सिद्ध कर दिया कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और परिश्रम निरंतर हो, तो सफलता अवश्य मिलती है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया एवं प्राचार्य रविंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि केवल विद्यार्थियों की नही बल्कि पूरे विद्यालय परिवार की सामूहिक सफलता है। कशिश, पुष्कर और शिवांश ने यह साबित कर दिया है कि अनुशासन, नियमित अध्ययन और आत्मविश्वास के बल पर किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। प्राचार्य ने कहा कि जेईई मेन्स जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करना अत्यंत गर्व की बात है।



कैथल। डीसी अपराजिता अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते।

### जल्द शुरू होगा एचपीवी टीकाकरण अभियान

**कैथल।** महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान की जल्द ही शुरुआत की जाएगी। इस अभियान के तहत 14 वर्ष की बालिकाओं को टीका लगाया जाएगा। इसका उद्देश्य बेटियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाना है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी संबंधित विभाग अपनी अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाएं। बेटियों को टीकाकरण के प्रति जागरूक करने के लिए स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। डीसी अपराजिता बुधवार को लघु सचिवालय में जिला टास्क फोर्स टीकाकरण समिति की बैठक में इस बीमारी से निपटने को लेकर चलाए जाने वाले टीकाकरण अभियान को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दे रही थीं। अपराजिता ने आईसीएमआर की रिपोर्ट का हवाला देते बताया कि गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर भारत में महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे बड़ा कैंसर है।

### बुजुर्गों की पेंशन जारी करने के निर्णय का स्वागत

**पुंडरी।** ब्राह्मण खाप हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक शर्मा ने हरियाणा सरकार द्वारा लगभग 70 हजार बुजुर्गों की रोकी गई पेंशन को पुनः जारी करने के निर्णय का स्वागत किया है। कहा कि फैसला सरकार की संवेदनशीलता और सामाजिक सरोकार को दर्शाता है। अशोक शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा यह स्पष्ट निर्देश देना कि संदिग्ध मामलों में भी पात्रता साबित होने तक पेंशन नहीं रोकी जाएगी। बुजुर्गों के सम्मान व आत्मसम्मान की रक्षा करने वाला कदम है। इससे उन बुजुर्गों को बड़ी राहत मिली है जो पेंशन पर ही दैनिक जरूरतें पूरी करते हैं। कहा कि अब हर महीने की 10 तारीख तक सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशन जारी करने का निर्णय प्रशासनिक व्यवस्था को पारदर्शी और भरोसेमंद बनाता है। साथ ही, वेरिफिकेशन प्रक्रिया पूरी होने तक भुगतान जारी रखने का आदेश मानवीय दृष्टिकोण का परिचायक है।

### स्पेशल ऑर्थो कैंप 22 को : डॉ. गर्ग

**कैथल।** घुटना और कूल्हा प्रत्यारोपण (रिप्लेसमेंट) सर्जरी को लेकर लोगों के मन में बने डर और भ्रांतियों को दूर करने के उद्देश्य से लॉर्ड रामा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की ओर से 22 फरवरी को सुबह 10 बजे हनुमान वाटिका में 'नया कदम, नई जिंदगी' नाम से विशेष ऑर्थो कैंप आयोजित किया जाएगा। कैंप में वे मरीज शामिल होंगे, जिन्होंने हाल ही में घुटनों या कूल्हों का सफल ऑपरेशन करवाया है और अब सामान्य व सक्रिय जीवन जी रहे हैं। प्रेस वार्ता में अस्पताल के डायरेक्टर एवं आर्थोपेडिक स्पेशलिस्ट डॉ. सितेंद्र गर्ग ने बताया कि कैंप का मुख्य उद्देश्य लोगों को ये विश्वास दिलाना है कि आधुनिक तकनीक और विशेषज्ञों की देखरेख में घुटना और कूल्हा प्रत्यारोपण पूरी तरह सुरक्षित और प्रभावी प्रक्रिया है।



कैथल। डॉ. सितेंद्र गर्ग पत्रकारों से बातचीत करते हुए।



जुलाना। बुढ़ा खेड़ा गांव में पहुंची किताबें दिखाते युवा।

### लाइब्रेरी में पहुंची पुस्तकें, युवाओं के खिले चेहरे

**जुलाना।** प्रदेश सरकार द्वारा शुरू किया डिजिटल लाइब्रेरी अभियान के तहत बुढ़ा खेड़ा लाठर गांव के पुस्तकालय में पुस्तके पहुंच गई। जिससे गांव के युवाओं में खुशी का माहौल है। गांव की महिला सरपंच अनिता चौहान ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य के विभिन्न जिलों में स्थापित डिजिटल लाइब्रेरी केंद्रों में हाई स्पीड इंटरनेट, कंप्यूटर, ई बुक्स, ऑनलाइन कोर्स सामग्री और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से जुड़ी डिजिटल सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के विद्यार्थियों को महंगे कोचिंग संस्थानों पर निर्भर नहीं रहना पड़ रहा। युवाओं का कहना है कि पहले पढ़ाई के लिए शहर जाना पड़ता था। जिससे समय और पैसे दोनों की समस्या होती थी। अब गांव में ही डिजिटल लाइब्रेरी होने से वे रोजाना ऑनलाइन क्लासए सरकारी नौकरी की तैयारी और स्किल डेवलप्मेंट कोर्स आसानी से कर पा रहे हैं।

### विधायक ने भवन का किया शिलान्यास

**कैथल।** विधायक आदित्य सुरजेवाला ने गांव खुराना में डॉ. भीमराव अंबेडकर भवन के निर्माण के लिए शिलान्यास किया। जो स्थानीय निवासियों के लिए सामाजिक, सांस्कृतिक और सामुदायिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा। गांव वासियों ने विधायक का हार्दिक स्वागत किया और इस पहल के लिए उनका धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह भवन बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर के विचारों को आगे बढ़ाने और समुदाय की एकजुटता को मजबूत करने में मददगार साबित होगा। विधायक आदित्य ने कहा कि बहुत जल्द भवन बनकर तैयार हो जाएगा। यह हमारे संविधान निर्माता बाबा साहेब के सम्मान में एक समर्पित कदम है। मैं गांव खुराना और पूरे क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध हूं। आगे भी गांव के सभी विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।



कैथल। विधायक आदित्य डॉ. भीमराव भवन का शिलान्यास करते।



सीवन। स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाडी खुशी जताते हुए।

### सीवन के खिलाड़ियों ने जताई खुशी

**सीवन।** हरियाणा ओलंपिक संघ द्वारा कोर्फबाल खेल को सदस्यता प्रदान किए जाने की घोषणा के बाद क्षेत्र के खिलाड़ियों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। कोर्फबाल संघ कैथल के सचिव सुदर्शन सिंह सीवन ने दी। बताया कि हरियाणा कोर्फबाल एसो को औपचारिक रूप से मान्यता मिलने से प्रदेश में इस खेल के प्रचार-प्रसार को नई गति मिलेगी। अब कोर्फबाल खेल को अन्य मान्यता प्राप्त खेलों की तरह संरचनात्मक सहयोग, प्रतियोगिताओं का बेहतर आयोजन और खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के अधिक अवसर प्राप्त होंगे। सुदर्शन सिंह ने कहा कि निर्णय से नई प्रतिभाओं को खोजने और उन्हें राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर मंच उपलब्ध कराने में भी आसानी होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में हरियाणा के खिलाड़ी कोर्फबाल में भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएंगे।



राजौंद। पेगा मार्ग पर स्थित वाटर सप्लाई का दृश्य।

### मोटर खराब होने से जल किल्लत

**राजौंद।** नगर के पेगा मार्ग पर स्थित वाटर सप्लाई की मोटर खराब होने से जन स्वास्थ्य विभाग की पेयजल आपूर्ति पिछले चार दिनों से ठप पड़ी है, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सर्दी के मौसम में भी पानी की किल्लत ने लोगों की दिनचर्या को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। बताया जा रहा है कि पेगा मार्ग पर स्थित जलघर की मोटर खराब होने के कारण ये समस्या उत्पन्न हुई है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार पहले भी एक दिन छोड़कर पानी की सप्लाई हो रही थी, लेकिन अब लगातार चार दिनों से नलों में पानी नहीं आया है। पानी की सप्लाई बंद होने से लोग हाथों में बर्तन लेकर इधर-उधर पानी की तलाश में भटकते नजर आ रहे हैं। महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है।

# दिव्यांग कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

■ दिव्यांग कर्मचारियों की सेवा आयु 60 साल बहाल करने की मांग

दिव्यांग कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु 60 वर्ष पुनः बहाल किए जाने की मांग को लेकर विकलांग संघ उमंग सिरसा की जींद शाखा द्वारा भाजपा मुख्यालय जींद में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री हरियाणा के नाम ज्ञापन सौंपा गया।ज्ञापन हरियाणा सरकार के विधानसभा उपाध्यक्ष डा. कृष्ण लाल मिड्ढा को सौंपा गया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि हरियाणा सरकार के वित्त विभाग द्वारा तीन फरवरी 2026 को जारी गजट अधिसूचना के माध्यम से हरियाणा सिविल सेवा (सामान्य) नियम 2016 के नियम 143 में संशोधन कर 70 प्रतिशत अथवा उससे अधिक दिव्यांगता वाले कर्मचारियों को पूर्व में प्रदान की गई 60 वर्ष की सेवानिवृत्ति आयु संबंधी व्यवस्था समाप्त कर दी गई है। प्रावधान राज्य की संवेदनशील एवं कल्याणकारी नीति का प्रतीक था। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि दिव्यांग कर्मचारी शारीरिक एवं सामाजिक चुनौतियों के बावजूद पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण से अपनी सेवाएं प्रदान करते हैं। 60 वर्ष की सेवा आयु उन्हें आर्थिक स्थिरता एवं सम्मानजनक जीवन निर्वाह का आधार प्रदान करती थी। संशोधन से दिव्यांग कर्मचारियों में मानसिक सामाजिक एवं आर्थिक असुरक्षा की भावना उत्पन्न हुई है। ज्ञापन में यह भी कहा कि यह निर्णय दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 की भावना के विपरीत प्रतीत होता है। जो दिव्यांगजनों को समान अवसर एवं अधिकार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बनाया है। संघ ने मांग की कि 3 फरवरी 2026 की गजट अधिसूचना तत्काल निरस्त की जाए। दिव्यांग कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु पुनः 60 वर्ष यथावत रखी जाए। इस विषय पर दिव्यांग संगठनों से संवाद स्थापित कर न्यायोचित एवं संतुलित निर्णय लिया जाए। पदाधिकारियों ने कहा कि यदि सरकार सेवा अवधि 58 वर्ष से बढ़ा कर पुनः 60 वर्ष बहाल करती है तो ये दिव्यांगजनों के सम्मान एवं सामाजिक न्याय की भावना को सुदृढ़ करेगा।



कैथल। जिला जेल में विशेष लोक अदालत में मामलों की सुनवाई करते न्यायाधीश।

### जेल लोक अदालत में दो मामलें निपटाएं

**कैथल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से बुधवार को जिला जेल कैथल में विशेष जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षा कंचन माही के दिशा-निर्देशों के तहत किया गया। इस जेल लोक अदालत की अध्यक्षता मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (कैथल) के सचिव कंवल कुमार ने की। अदालत के समक्ष विभिन्न न्यायालयों में लंबित कुल छह मुकदमे रखे गए थे। गहन विचार-विमर्श के बाद, दो मामलों का मौके पर ही शांतिपूर्ण ढंग से निपटारा कर दिया गया। सचिव कंवल कुमार ने लोक अदालत के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 14 मार्च 2026 (शनिवार) को न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य आयोजन किया जाएगा।

### पं.दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत कार्यशाला

# ज्योति सैनी ने कार्यकर्ताओं को पढ़ाया संगठन का पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल





भाजपा जिलाध्यक्ष पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान में मंच पर बैठे।

भाजपा जिला कार्यालय कपिल कमल में जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी की अध्यक्षता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत जिला कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने बताया कि मंडल स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 7 मार्च से 14 अप्रैल तक आयोजित किए जाएंगे, जबकि जिला स्तरीय प्रशिक्षण 15 अप्रैल से 10 मई तक संपन्न होंगे। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं के वैचारिक सशक्तिकरण के लिए यह प्रशिक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है।

हरियाणा प्रदेश सह संयोजक (प्रशिक्षण महाअभियान) भारत भूषण जुआल ने जानकारी दी कि मंडल स्तर पर 24 घंटे का आवासीय प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा, जिसमें सात विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया जाएगा। मंडल स्तर पर प्रदेश से लेकर बूथ स्तर तक के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। प्रशिक्षण शनिवार व रविवार को आयोजित किया जाएगा। रात्रि प्रवास के दौरान भोजन उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा अगले दिन प्रातः शाखा का आयोजन किया जाएगा। हरियाणा प्रदेश सह संयोजक सुरेंद्र आर्य ने बताया कि प्रशिक्षण के अंतर्गत निम्नलिखित विषयों पर चर्चा होगी :- वैचारिक आधार, इतिहास का विकास, कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि, कार्य पद्धति, सरकार की उपलब्धियां एवं क्रियान्वयन, सोशल मीडिया, नमो एप एवं सरल एप एवं बूथ प्रबंधन (विभिन्न बैठकों एवं आगामी कार्यक्रमों सहित) उन्होंने यह भी बताया कि 27 फरवरी 2026 को पंचकूला में 13 जिलों के वक्ताओं का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा।

#### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में विशेष रूप से भाजपा कैथल जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी, भारत भूषण जुआल, सुरेंद्र आर्य, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गुर्जर, पुंडरी विधायक सतपाल जांबा, सुभाष हजवाना, सुरेंद्र सिंह व जसवंत पठनिया एवं सुरेश रविश, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा कैथल मुनीष कठवाड़ व राजपाल तंवर, पूर्व विधायक कैथल लीलाराम गुर्जर, सुरेश संधू व मुनीष शर्मा, देवेन्द्र पांचाल, नप चेयरपर्सन सुरभि गर्ग, रेखारानी, अंकित जैलदार, बबीता, हेमलता सैनी, हिमांशु गोयल, मांगेराम जिंदल, शैली मुंजाल आदि उपस्थित रहे।





पूंडरी। विजेता बच्चों के साथ प्रिंसिपल प्रवीण ढिल्लो।

### ध्रुव पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी छाए

**पूंडरी।** ध्रुव पब्लिक स्कूल फतेहपुर में कक्षा प्रथम के विद्यार्थियों द्वारा पिकोलो मोनडो कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। पिकोलो मोनडो का अर्थ है, छोटी सी दुनिया, और इस कार्यक्रम में नन्हे बच्चों ने अपनी छोटी-सी दुनिया को बड़े मंच पर जीवंत कर दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने वर्षभर कक्षा में सीखी गई विभिन्न गतिविधियों का शानदार लाइव प्रदर्शन किया। बच्चों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ प्रश्नोत्तर सत्र में भाग लिया, रोचक डिबेट प्रस्तुत की, पॉडकास्ट किया तथा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित दर्शकों का दिल जीत लिया। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने यह सिद्ध किया कि सही मार्गदर्शन और प्रोत्साहन मिलने पर नन्हीं प्रतिभाएँ भी बड़े मंच पर अपनी विशेष पहचान बना सकती हैं। बच्चों की प्रस्तुति पर उपस्थित अभिभावकों ने तालियों की गूंज से उनका उत्साहवर्धन किया।

